सारा रुपया उन से छीन लेते हैं । मैं जानना चाहता हूं कि क्या कोई इस तरह की योजना सरकार के विचाराधीन है, जिसके तेहत मेहतरों को कर्जखोरों और सूदखोरों के पंजे से बचाया जा सके, ताकि जो भी रुपया उनको मिलता है, वे उस का सदुपयोग कर सकें, अपने बाल-बच्चों की परवरिश में उस को लगा सकें ?

**Shri Hathi**: I think the hon. Member's suggestion is that if these people are being exploited, certainly something should be done We shall consider this also

**Shri Sonavane**: Government had appointed this committee to go into the working conditions of the scavengers Have the recommendations of this committee been accepted by the Government? What steps are taken against the defaulting municipalities or corporations which do not follow these recommendations?

**Shri Hathi**: This question may be addressed to the Health Ministry.

**Shri K. M. Abraham**: May I know from the Minister whether the Government are proposing to give some interim relief to these workers before the final decision on the committee's recommendations?

**Shri Hathi**: No. there is no question of any interim relief and we are awaiting the report of the committee

## दूरस्थ नगरों के साथ सीधा टेलीफोन करने की व्यवस्था के लिये टेलीफोन का साज-सामान

\+

*936. श्री स० चं० सामन्त :
श्री स० कु० त्रिपाठी :
श्री ह० ना० मालवी :
श्री त्रिदिब कुमार चौधरी :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने दूरस्थ नगरों के साथ सीधा टेलीफोन करने की व्यवस्था के लिये अभी विदेशों से साज-सामान का आयात करना है ;

(ख) यदि हां, तो कितना ; और

(ग) भारत कब तक अपनी आवश्यकता का पूरा साज-सामान देश के अन्दर ही बनाने में आत्म-निर्भर हो जायेगा ?

**The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral)**: (a) No, Sir Generally no imports are required The exceptions to this are made when for reasons of economy equipments utilising latest techniques are imported

(b) Less than ten per cent in value and confined essentially to one type of microwave equipment and the 2700 circuit coaxial line equipment

(c) The microwave system has been designed and the 2700 circuit transistorised coaxial line equipments has been taken up for design in the Telecommunication Research Centre These will become available progressively within three years.

श्री स० चं० सामन्त : सरकार को सन 1967 के अन्दर नई दिल्ली के साथ इलाहाबाद, श्रीनगर और जम्मू से सीधी टेलीफोन की व्यवस्था करनी थी । मैं जानना चाहता हूं कि क्या वह व्यवस्था हो गई है ? यदि हो गई है तो उस में कितने प्रतिशत साजो-सामान देशी बनाया हुआ इस्तेमाल किया गया है ?

**श्री इ० कु० गुजराल** : जहां तक जम्मू काश्मीर का ताल्लुक है दिल्ली से जम्मू-काश्मीर का प्वाइंट टु प्वाइंट अर्थात डायरैक्ट डायल कनैक्सन इस साल के अन्दर अन्दर हो जायेगा और जो सामान उस के लिये इस्तेमाल किया जा रहा है वह इस देश का बना हुआ होगा ।

**श्री स० चं० सामन्त** : टेलीफोंस सम्बन्धी साजसामान बनाने वाले कारखानों में क्या कोई इंसैंटिव देने वाली स्कीम है, यदि हां तो उस पर अब तक कितना रुपया खर्च हुआ?

**श्री इ० कु० गुजराल** : माननीय सदस्य ने जो सवाल किया है वह इस मौजूदा सवाल से पैदा नहीं होता है क्योंकि यह कारखानों के मुताल्लिक है कि कितना सामान हम यहां अपना देशी बनाते हैं और बाहर से कितना मंगवाते हैं लेकिन अगर वह कारखाने में काम करने वाले लोगों को इंसैंटिव देने की बाबत जानना चाहते हैं तो उस के मुताल्लिक भी मैं उन को पता कर के बतला दूंगा ।

**Shri S. S. Kothari**: The telephone exchanges in the leading cities of India like Bombay, Delhi and Madras are going to be equipped with cross bar automatic dialling systems but Calcutta, I believe, is not equipped with the same type of equipment. Calcutta is a live city, it should not be treated as a dead city. What efforts are going to be made to bring it at a par with other cities in regard to automatic cross bar dialling systems?

**Shri I. K. Gujral**: I think the hon. Member is under a wrong impression. Calcutta is not at all barred wherever we put up new equipment, we put up cross bar equipment. We are not putting any other equipment in any automatic exchange. Therefore. whenever additions are made in Calcutta also, they are made on this basis.

**Shri S. S. Kothari**: What about connecting Calcutta with other cities—he has not answered that.



**Shri I. K. Gujral**: I did not understand the hon. Member because unfortunately he used wrong terminology. So far as connection with other cities is concerned, Calcutta is not being treated adversely. We have a phased programme to connect the entire country by the STD on a universal basis and Calcutta will receive it next. We are working at the scheme and it is one of our first phases. It will receive attention.

**श्री कंवर लाल गुप्त** : क्या यह बात ठीक है कि डाइरैक्ट डायलिंग से कुछ वर्गों को फायदा हुआ है लेकिन क्या गवर्नमेंट को यह मालूम है कि गवर्नमेंट के सरकारी अधिकारी इस डाइरैक्ट डाइलिंग का बहुत नाजायज फायदा उठाते हैं और उस की वजह से लाखों रुपया सरकार का खराब जाता है? उसके अलावा क्या सरकार के पास कुछ लोगों से ऐसी भी मांग आ रही है कि यह चीज डिस्क्रिशनरी होनी चाहिए अर्थात जो डाइरैक्ट डायलिंग लेना चाहे उसे डायरैक्ट डायलिंग का टेलीफोन दिया जाय अन्यथा वैसा उसे न दिया जाय, तो यह जो सरकारी कर्मचारियों द्वारा सरकारी टेलीफोंस का मिस्यूज होता है और दूसरे जो यह कुछ लोगों की इस बारे में डिस्क्रिशन देने की मांग है उसके बारे में सरकार क्या कदम उठाना चाहती है ?

**श्री इ० कु० गुजराल** : जहां तक सरकारी टेलीफोन के नाजायज इस्तेमाल का ताल्लुक है मेरे महकमे से उस का कोई ताल्लुक नहीं है। हम तो टेलीफोन देने वाले हैं और जो उनको इस्तेमाल करने वाले हैं उन से पैसा लेने वाले हैं अब वह ज्यादा इस्तेमाल करते हैं या कम इस्तेमाल करते हैं यह हमारे देखने की चीज नहीं है । सरकारी अधिकारियों द्वारा टेलीफोन के नाजायज इस्तेमाल के बारे में अगर आनरेबुल मैम्बर को शिकायत है तो उन को यह सवाल होम मिनिस्टर से पूछना चाहिए या फिर उन

मुल्कों से पूछना चाहिए जहां कि उनके खयाल में टलीफ़ोन का मिस्यूज होता है।

**श्री कंवर लाल गुप्त** : मैंने जो सवाल पूछा था उस के दो हिस्से थे। क्या सरकार के पास, आप के डिपार्टमेंट के पास इस तरह की शिकायत आई है कि सरकारी कर्मचारी टलीफ़ोन का मिस्यूज करते हैं ? क्या आप के डिपार्टमेंट के पास इस तरह की शिकायत आई है ? यदि हां, तो उस सम्बन्ध में आप क्या कार्यवाही करने जा रहे हैं ?

**श्री इ० कु० गुजराल** : जहां तक मुझे इल्म है हमारे पास कोई ऐसी इत्तिला नहीं आई है। जहां तक उनके सवाल के दूसरे हिस्से का ताल्लुक है...

**श्री कंवर लाल गुप्त** : मैंने स्वयं इस बारे में मंत्री जी को पत्र लिखकर भेजा है, डा० राम सुभग सिंह बैठे हुए हैं उन्हें इस का पता है और वह इस का जवाब दें।

**संसद्-कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह )** : जी हां, उन्होंने मुझे पत्र भी भेजा था और जबानी भी कहा था उस पर विचार किया जायगा।

**श्री कंवर लाल गुप्त** : फिर यह गुजराल साहब गलत क्यों बतलाते हैं ?

**श्री मधु लिमये** : परसों मैंने न्यु प्रभात पब्लिकेशंस, अहमदाबाद के बारे में पूछा था जो कि न्यूजप्रिंट का कालाबाजार करते हैं तो उस वक्त भी ऐसा ही हुआ था।

**श्री कंवर लाल गुप्त** : यह व्यवस्था की बात है। अब अगर एक मंत्री को स्वयं न पता हो तो उसे चाहिए कि अपने सहयोगी मंत्री से पूछे या यह कहे कि उसे नहीं मालूम है। बहरहाल वह उस की जांच करेंगे लेकिन ऐसा करने के बजाय यह डेफ़िनिट उत्तर दे देना कि वैसा नहीं है यह गलत चीज है और इस प्रकार की बात रुकनी चाहिए।

**Shri I. K. Gujral**: I must correct the hon. Member. What I said was that "so far as I know". I preambled my reply with that.

**Mr. Speaker**: I know, but the same Ministry cannot do that. If a letter has been written to the Cabinet Minister, the Minister cannot reply as "I do not know." Then he should not reply if he does not know.

**एक माननीय सदस्य** : अध्यक्ष महोदय, अंग्रेजी झूठ बोलने में सहायक होती है।

**अध्यक्ष महोदय** : आर्डर, प्लीज।

**श्री मृत्युंजय प्रसाद** : दिल्ली से कई शहरों को हम डायरैक्ट डायल कर सकते हैं और उन शहरों से दिल्ली को डायरैक्ट डायल कर सकते हैं लेकिन उन शहरों में आपस में कब से यह डायरैक्ट डायलिंग शुरू हो जायगी ?

**श्री इ० कु० गुजराल** : इस वक्त 17 ऐसे शहर हैं जिन में आपस में डायरैक्ट डायलिंग से बातचीत हो सकती है बाकी फोर्थ फाइव इयर प्लान के दौरान 50 ऐसे शहर हो जायेंगे जिन में कि आपस में बातचीत हो सकेगी। मैं एक बात अर्ज करना चाहता हूं कि एक फर्क यह होगा कि आजकल हमारे इस प्वाएंट टु प्वाएंट सिस्टम में दिल्ली से आगरा और आगरा से दिल्ली तो बातचीत कर सकते हैं लेकिन जयपुर से आगरा इस तरह से बातचीत नहीं कर सकते लेकिन यह नया सिस्टम लागू हो जाने से हर शहर जो उस में शामिल होगा वह सब शहर आपस में डायरैक्ट डायलिंग से बातचीत कर सकेंगे। यह फोर्थ फाइव इयर प्लान में मुकम्मिल हो जायगा और 50 शहर इस तरीके से आपस में बातचीत कर सकेंगे।

**Dr. Karni Singh**: May I know if it has been brought to the attention of the hon. Minister that communications

of cities on the India-Pakistan border with Delhi are so poor that it is almost impossible to get through. I was told by the hon. Minister that this is caused by a great deal of theft and wire-cutting. May I know what steps the Government are taking to restore the communication between the border cities and Delhi so that no such trouble occurs?

**The Minister of Parliamentary Affairs and Communications (Dr. Ram Subhag Singh) :** It is true. We have brought this matter to the attention of the Chief Ministers there, and I have received some replies also from the concerned Chief Ministers, and they are taking suitable steps. I also know that Bikaner City is very difficult to get at, but we are taking steps to overcome the difficulties.

**Shri R. Barua:** May I know whether the hon. Minister is in a position to cover the entire eastern region with the micro-wave system and, if not, how long will it take for the Government to cover the entire eastern region with this system?

**Shri I. K. Gujral :** As at present, most of the eastern region is covered by the micro-wave system and is connected with Calcutta; we are further extending the system to cover the whole region.

**श्री यशपाल सिंह :** क्या मैं यह जान सकता हूं कि अब भी ऐसे टेलिफोन लोगों के पास हैं कि जब उन का टेलिफोन मिलता है तो दूसरे टेलिफोन आवाज नहीं देते और यह डिस्पैरिटी आप कब तक दूर करेंगे जिससे जनता को एक समान लाभ पहुंच सके ?

**Shri I. K. Gujral:** I think the hon. Member is justified in his complaint that the telephone service is not as efficient as it should be. The main reason for this is that we are unable to supply or equip the telephones to the standards as they should be, due to the paucity of funds. I am sure if more funds are available, the telephone service will improve.

**श्री नीतिराज सिंह चौधरी :** अभी मंत्री महोदय ने बतलाया कि 50 नगरों में यह डाइरैक्ट डायलिंग टेलिफोन सिस्टम लागू हो जायगा तो क्या उन 50 नगरों में क्या हर एक प्रान्त की राजधानी शामिल है ?

**Shri I. K. Gujral :** The hon. Member has asked for the list of towns; it is a long list; but I think most of the important towns are connected.

**श्री ओंकार लाल बेरवा :** कई सालों से हम यह सुनते चले आ रहे हैं कि टेलिफोन डाइरेक्टरी हिन्दी मे बनेगी या हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में बनेगी । मैं जानना चाहता हूं कि क्या हिन्दी भाषा भाषी राज्यों में हिन्दी की टेलिफोन डाइरेक्टरी बन चुकी है । अगर नहीं बन चुकी है तो इस के बारे में सरकार क्या सोच रही है ?

**श्री इ० कु० गुजराल:** सरकार की यह पालिसी है कि जहां हिन्दी बोली जाती है वहां हिन्दी डाइरेक्टरी छापी जाये । इस के अनुसार हिन्दी की डाइरेक्टरी छप भी चुकी है ।

**12.00 hrs.**

SHORT NOTICE QUESTION

**Postal Racket**

\+

**S.N.Q. 23. Shrimati Tarkeshwari Sinha:**
**Shri D. C. Sharma :**

Will the Minister of **Communications** be pleased to state:

(a) whether a postal racket has been recently unearthed in Calcutta; and

(b) if so, the extent of loss suffered by the public and Government as a result of the activities of the gang?